# रेलवे विस्तार को मिली हरी झंडी

**100 परियोजनाओं को दी मंजूरी**

**09 परियोजनाएं एमपी में स्वीकृत**



**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. देश के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी पहुंचाते हुए और सबसे गरीब व वंचित क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखते हुए, इंडिया रेलवे पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के तहत व्यापक और परिवर्तनकारी विस्तार को गति दे रहा है.**

समावेशी विकास और राष्ट्रीय एकीकरण पर विशेष फोकस के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 में नई रेल लाइनों, दोहरीकरण, मल्टी-ट्रैकिंग और अन्य कार्यों से संबंधित 100 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है.

यह अभूतपूर्व पहल बेहतर कनेक्टिविटी के जरिए देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में भारतीय रेल की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही एक उच्च-क्षमता, आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार रेल नेटवर्क की ठोस नींव भी रख रही है. इन परियोजनाओं में कुल 1.53 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जो 6,000 किलोमीटर से अधिक के रेलवे नेटवर्क को कवर करता है. यह रेलवे विस्तार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है. मंजूर की गई 100 परियोजनाओं में नई लाइनें, दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग के काम, साथ ही बाईपास लाइनें, फ्लाईओवर और कॉर्ड लाइनें शामिल हैं.

इनका रणनीतिक उद्देश्य भीड़भाड़ वाले मार्गों को खाली करना, समय की पाबंदी में सुधार करना और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है.

साथ ही उन क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी का विस्तार करना है, जहां अभी तक पर्याप्त सुविधाएं नहीं पहुंची हैं. इन पहलों से पूरे नेटवर्क में परिचालन दक्षता में काफी सुधार होने और यात्रा के समय में कमी आने की उम्मीद है.

> ये परियोजनाएं लगभग सभी प्रमुख राज्यों में फैली हुई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का संतुलित और समावेशी विस्तार सुनिश्चित होता है. महाराष्ट्र (17 परियोजनाएं), बिहार (11), झारखंड (10) और मध्य प्रदेश (9) प्रमुख फोकस राज्यों के रूप में उभरे हैं, क्योंकि माल ढुलाई गलियारों, औद्योगिक कनेक्टिविटी और यात्रियों की मांग में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. इन क्षेत्रों में निवेश का पैमाना यात्री और माल ढुलाई, दोनों ही सेवाओं को काफी हद तक बेहतर बनाने वाला है.

## 52.3 लाख रुपए से अधिक घरेलू एलपीजी की आपूर्ति

**नई दिल्ली.** अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता विफल होने के बीच सरकार ने रविवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है, साथ ही ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सहित प्रमुख क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित कर रही है.अधिकारियों ने पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति में जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सरकार की कोशिशों की जानकारी देते हुए जोर देकर कहा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है, और एलपीजी का वितरण पूरे देश में सुचारू रूप से जारी है.शनिवार को 52.3 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई.

# नेतन्याहू समेत 35 पर तुर्किये में केस दर्ज

## 4600 साल जेल की मांग वाला केस दर्ज, गाजा राहत मिशन से जुड़ा मामला



**इस्तांबुल, 12 अप्रैल. तुर्किये में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय कानूनी विवाद के तहत इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है. यह केस गाजा जा रहे एक राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है, जिसे लेकर तुर्किये की ओर से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है.**

इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील कार्यालय द्वारा दाखिल आरोपपत्र में आरोपियों पर मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, यातना, गैरकानूनी हिरासत और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. इस मामले में उम्रकैद के साथ-साथ हजारों वर्षों तक की अतिरिक्त सजा की मांग भी की गई है, जो इसे एक असाधारण अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रकरण बनाता है. यह मामला पिछले वर्ष सितंबर में उस घटना से जुड़ा है, जब गाजा के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहे एक जहाज समूह को कथित रूप से अंतरराष्ट्रीय समुद्र में रोका गया था. तुर्किये का दावा है कि यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है और मानवीय सहायता को रोकना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है.

> आरोपियों के लिए असाधारण रूप से लंबी सजा—1,102 साल से लेकर 4,596 साल तक—की मांग की गई है, जो इस मामले को और अधिक असामान्य बनाती है. मामला पिछले वर्ष सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नामक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था. इस मिशन में खाद्य सामग्री, दवाइयाँ और अन्य मानवीय सहायता भेजी जा रही थी. आरोप है कि जब यह जहाज अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा में था, तभी इजराइली नौसेना ने उसे रोक लिया.

# परिसीमन पर उठाए सवाल

**▸ महिला आरक्षण के विरोध में खरगे ने पीएम को लिखा पत्र**

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर संसद के विशेष सत्र और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं.**

खरगे ने कहा कि यह कानून सितंबर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय कांग्रेस ने इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी. 30 महीने बाद बिना विपक्ष को विश्वास में लिए विशेष सत्र बुला रही है.उन्होंने पत्र में कहा कि परिसीमन से जुड़ी कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है जिससे इस महत्वपूर्ण कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं हो पाएगी. खरगे ने यह भी कहा कि सरकार का यह दावा गलत है कि राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर संवाद हुआ है. विपक्ष लगातार 29 अप्रैल 2026 के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रहा है. कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना सरकार की राजनीतिक मंशा को दर्शाता है और यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए उठाया गया प्रतीत होता है.

## आज का इतिहास

1699 – सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की.हर साल इसी दिन बैसाखी का त्यौहार मनाया जाता है।

1743 –अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति थॉमस जेफरसन का जन्म.

1796– भारत के बंगाल से लाया गया पहला हाथी अमेरिका (न्यूयॉर्क) के तट पर उतरा.

1919 – अमृतसर के जलियांवाला बाग में ब्रिटिश हुकूमत ने जनरल डायर के नेतृत्व में निहत्थे लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलवाईं, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घायल हुए.

# तथ्यों से परे हैं स्टालिन के आरोप

## धान किसानों को बोनस न देने की बात राजनीति से प्रेरित : सीतारमण




**नयी दिल्ली 12 अप्रैल. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के उन आरोपों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने राज्य के धान किसानों को बोनस न देने का निर्देश दिया है.**

सीतारमण ने कहा कि स्टालिन के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और जानबूझकर लोगों को गुमराह करने के प्रयास के तहत लगाये गये हैं. उन्होंने कहा कि एक राज्य के मुख्यमंत्री से, जो एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं, इस तरह के व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती है. तमिलनाडु के किसानों को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो उनकी समृद्धि के लिए काम करे, ना कि उनकी चिंताओं को वोट के लिए हथियार बनाकर इस्तेमाल करे. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पत्र देश में फसलों के विविधीकरण को प्रोत्साहन देने के लिए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखा गया था, न कि सिर्फ तमिलनाडु के मुख्य सचिव को.

इसमें राज्यों की बोनस नीतियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप ढालने का सुझाव दिया गया था. राज्यों के लिए केंद्र का यह सुझाव एक सकारात्मक और दूरदर्शी सोच पर आधारित है, जिसका उद्देश्य फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और दालों, तिलहनों आदि जैसी फसलों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है.

# जीवन में बदलाव के लिए विज्ञान और तकनीक जरूरी : राधाकृष्णन



**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जनतजातीय जीवन में बदलाव के लिये विज्ञान और तकनीक को जरूरी बताया है.**

राधाकृष्णन ने रविवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन विषयक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं. सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेक्टर और आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल के सहयोग से किया गया. श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की संस्कृति, परंपरा और जैव विविधता के सच्चे संरक्षक हैं.

# 2026 में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सौर बाजार बनेगा भारत

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल.** हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों के सकारात्म नतीजे देखने को मिल रहे हैं और 2026 में भारत दुनिया का सबसे बड़े सौर ऊर्जा बाजार बन सकता है। नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) ने यह अनुमान लगाया है। एनएसईएफआई के अनुसार भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अब तक की सबसे तेज़ वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले 14 महीनों में 50 गीगावाट क्षमता जोड़ा है और इसकी कुल स्थापित क्षमता 150 गीगावाट तक पहुंच गयी है। एनएसईएफआई यह उपलब्धि इसलिए खास है क्योंकि पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में देश को 11 साल लगे थे, जबकि 100 गीगावाट तक पहुंचने में लगभग तीन साल का समय लगा। एनएसईएफआई के सीईओ सुब्रह्मण्यम पुलिपाका ने कहा, भारत के 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सौर ऊर्जा से 280ङ्क300 गीगावाट की उम्मीद की गई है। मौजूदा गति को देखते हुए भारत सालाना लगभग 50 गीगावाट की वृद्धि के ट्रैक पर है, जो इस लक्ष्य के अनुरूप है। इतना ही नहीं, पीएम सूर्य घर, आगामी पीएम कुसुम 2.0, फ्लोटिंग सोलर नीतियों और राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी बढ़ती मांग के चलते आने वाले चार वर्षों में यह क्षमता इन अनुमानों से भी आगे जा सकती है।

# राहुल गांधी ने मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**▸ संविधान के प्रति प्रतिबद्धता का दिया संदेश**



**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित मैं भी अंबेडकर मैराथन का शुभारंभ रविवार को हरी झंडी दिखाकर किया.**

मैराथन नयी दिल्ली के मंडी हाउस स्थित सफदर हाशमी मार्ग से शुरू होकर डॉ अंबेडकर नेशनल मेमोरियल (26, अलीपुर रोड) तक आयोजित की गई.इस आयोजन का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने ओबीसी विभाग के सहयोग से किया.

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि मैं भी अंबेडकर मैराथन बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर जी के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा. गांधी ने कार्यक्रम के अंत में जय भीम, जय संविधान, जय हिंद के नारे के साथ देशवासियों से संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए आगे आने का आह्वान किया.

# वंशवादी राजनीति कर रही है द्रमुक सरकार : नवीन



**▸ नितिन नवीन ने तमिलनाडु में चुनाव प्रचार शुरू किया**

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

**चेन्नई, 12 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के लिए रविवार को चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए रोड शो किए और जनसभाओं को संबोधित किया.**

नवीन चुनाव से जुड़े दो दिवसीय दौरे पर मदुरै हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दक्षिणी शिवगंगा जिले के सत्तूर पहुंचे, जहाँ उन्होंने उस सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन के समर्थन में एक शानदार रोड शो किया. रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नवीन का स्वागत किया. उन्होंने सत्ताधारी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के झूठे प्रचार का भी करारा जवाब दिया. द्रमुक लगातार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर विभिन्न मोर्चों पर राज्य की उपेक्षा करने का आरोप लगा रही थी. हम विकास और प्रगति को इस आधार पर नहीं देखते कि राज्य में किस पार्टी की सरकार सत्ता में है. कांग्रेस की अहम सहयोगी द्रमुक इसी नज़रिए से देखती है. एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सत्तूर में आज के रोड शो में जुटी भारी भीड़ द्रमुक और कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ एक साफ जनादेश है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोगों के अटूट भरोसे और डबल-इंजन सरकार के लिए उनकी चाहत को दिखाता है.

## ▸ बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहती हैं ममता : योगी



**बांकुड़ा.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं. उन्हें भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए. उन्होंने कहा कि वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं. सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट न दीजिए.

ये लोग नवरात्रि आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए. हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं. मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं. मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है. भाजपा कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई. स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए. सुशोभन का हाथ काट दिया. तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं.

> सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी. तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है. उन्होंने स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में खेला बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा. उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों सोनामुखी से दिबाकर घरामी, इंडास से निर्मल धारा व बरजोड़ा से बिलेश्वर सिंघा को जिताने की अपील की. मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल की धरती पर राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रवींद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया.

## क्या कोलकाता बन गया है 'वृद्धाश्रम'?

**कोलकाता.** सुबह का वक्त है. कोलकाता का रासबिहारी एवेन्यू कारों, ऑटोरिक्शा, बसों और पैदल यात्रियों की आवाजाही से ठसाठस भरा पड़ा है. सड़क किनारे चाय की दुकानों पर केतली सजी हुई है, लोग गरमा-गरम चाय की चुस्कियों ले रहे हैं और साथ में स्थानीय समाचारों तथा खाड़ी युद्ध की चर्चाओं के चटखारे भी लगा रहे हैं. सब कुछ सामान्य लगता है, लेकिन चाय प्रेमियों की इस भीड़ को गौर से देखने पर मालूम होता है कि इनमें से ज्यादातर लोग या तो मध्यम आयु वर्ग के हैं या फिर बुजुर्ग. इस दृश्य से अनायास ही यह भाव मन में उभर आता है, मानो, युवाओं ने देश की इस पूर्व राजधानी को जैसे त्याग दिया है। पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रसिद्ध बुद्धिजीवी स्वपन दासगुप्ता ने चाय की चुस्की लेते हुए बताया कि यह शहर एक बड़े वृद्धाश्रम (रिटायरमेंट होम) में तब्दील हो गया है। युवा उन शहरों की ओर पलायन कर गए हैं जहाँ नौकरियां हैं। भारत की तकनीकी राजधानी बेंगलुरु में आज करीब 12 लाख बंगाली काम कर रहे हैं। राज्य विधानसभा चुनावों में रासबिहारी निर्वाचन क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दिग्गज नेता देबाशीष कुमार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार श्री दासगुप्ता ने कहा कि आजादी के समय अर्थव्यवस्था की रैंकिंग में बंगाल दूसरे नंबर का राज्य था.

## बंगाल में भाजपा की सरकार बनाएं : रेखा



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान में दस दिन से भी कम समय बचा है और अब चुनाव प्रचार में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अपना प्रचार तेज कर दिया है. रेखा गुप्ता ने रविवार को पुरसुरा में एक रोड शो के दौरान सुश्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार को निशाने पर लिया. उन्होंने पुरसुरा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बिमान घोष के समर्थन में आयोजित एक रोड शो में हिस्सा लेते हुए लोगों से सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल कांग्रेस) पर भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बीनेपुकुर मैदान में उमड़ी भीड़ तृणमूल के अन्याय, सिंडिकेट राज और ज़बरन वसूली के खिलाफ जनता के निर्णायक गुस्से को दर्शाती है. उन्होंने कहा, बंगाल, जिसने भ्रष्टाचार और अराजकता को झेला है, अब बदलाव लाने का संकल्प ले चुका है.

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर में भूकंप के झटके

**चंद्रपुर.** महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के कुछ इलाकों में हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय निवासी कुछ समय के लिए घबरा गये.राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और राज्य आपदा प्रबंधन केंद्र की आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम 4¬45 बजे ये झटके महसूस किये गये, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 थी. इस भूकंप का केंद्र चंद्रपुर जिले की राजुरा तहसील के हरदोना गांव के पास बताया जा रहा है. हालांकि, भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण जिले में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है.अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कम तीव्रता वाले झटके आमतौर पर खतरनाक नहीं माने जाते हैं, लेकिन प्रशासन स्थिति पर पैनी नजर रख रहा है.नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे घबराएं नहीं और सतर्क रहें. अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की है कि स्थिति नियंत्रण में है और वर्तमान में चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है.

## रायपुर में अंबेडकर जयंती पर 21 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अंबेडकर चौक स्थित उनकी भव्य कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। करीब 21 फीट ऊंची इस प्रतिमा का निर्माण सामाजिक जागरूकता एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है.प्रतिमा का वजन लगभग 4300 किलोग्राम है जबकि इसके निर्माण पर लगभग 35 लाख रुपये खर्च हुए हैं। यह प्रतिमा न केवल बाबा साहेब के विचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगी बल्कि समाज में समरसता एवं न्याय के मूल्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी.

बिक्री/ई-नीलामी नोटिस

**आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड परिसमापन में**

**CIN: U45201MP1999PTC013634**

पंजीकृत पताः TF-03, ब्लॉक नंबर-03, प्लॉट नंबर-7 महेंद्र बिजनेस स्क्वायर, बावड़िया कलां, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462039
कंपनी परिसमापन के तहत माननीय NCLT आदेश दिनांक 22.05.2024 के तहत IA-12/2024 Liq और C.P. (IB)/353/PB/2022.

**कॉर्पोरेट देनदार की संपत्तियों की बिक्री को 'संपत्तियों के सेट के रूप में सामूहिक रूप से' बेचा जा रहा है,** जैसा कि विनियमन 32 के उपखंड (c), विनियमन 33 की उप-विनियमन (1) और भारतीय दिवाला और दिवालापन बोर्ड (लिक्विडेशन प्रक्रिया) विनियम, 2016 की अनुसूची । में निर्दिष्ट है, जिसके तहत **लिक्विडेटर श्री कुलदीप टांक को माननीय NCLT Principal Bench द्वारा दिनांक 04.12.2024 के इसके आदेश सं. IA-5688/2024, C.P. (IB)-353(PB)/2022** के तहत नियुक्त किया गया। यह बिक्री ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://ibbi.baanknet.com के माध्यम से की गई।

| क्र. सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| | | **ब्लॉक-A से D: संयुक्त रूप से आस्तियों के किसी समूह का** (विनियमन 32(c) के तहत) |
| 1. | बिक्री नोटिस और ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज के प्रकाशन की तिथि | 13/04/2026 |
| 2. | इच्छुक बोलीदाता द्वारा 29ए पात्रता दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन बोली आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 13/04/2026 सुबह 11:00 बजे से 29/04/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 3. | नीलामी के अंतर्गत परिसंपत्तियों के निरीक्षण या यथोचित परिश्रम की तिथि और समय (पूर्व नियुक्ति के साथ) | 13/04/2026 सुबह 11:00 बजे से 28/04/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 4. | इच्छुक बोलीदाता द्वारा बयाना राशि जमा करने की तिथि और समय | 29/04/2026 शाम 05:00 बजे तक |
| 5. | नीलामी की तिथि और समय | शनिवार, 02/05/2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट का असीमित विस्तार) |
| 6. | उच्चतम बोलीदाता की घोषणा | 05/05/2026 |
| 7. | सफल बोलीदाता की घोषणा | संभावित रूप से 08/05/2026 |
| 8. | परिसमापक का पता और ईमेल | 202, ब्लॉक-ए, द वन, आरएनटी मार्ग, इंदौर-452001 ibduniversal21@gmail.com |

**ब्लॉक-A से D:**

**आईबीबीआई परिसमापन प्रक्रिया विनियमन 2016 के विनियमन 32(c) के तहत सामूहिक रूप से परिसंपत्तियों का सेट (विनियमन 32(c) के तहत) जिसमें भूमि, भवन, प्रतिभूतियाँ और वित्तीय परिसंपत्तियां शामिल हैं, जहां है जैसा है, जो भी है आधार पर और बिना किसी सहारे के आधार पर आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड, परिसमापन में ("कॉर्पोरेट देनदार") परिसंपत्तियों की बिक्री**

| ब्लॉक | आस्तियों का विवरण | नीलामी का तिथि एवं समय | आरक्षित मूल्य रु. | ईएमडी रु. | बोली वृद्धि राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | आईबीडी रॉयल सिटी, ग्राम – रायपुर, तहसील और जिला– होशंगाबाद (नर्मदापुरम)– 461001 पर प्लॉटों में कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | शनिवार 02/05/2026 सुबह 11:00 तक से सायं 05:00 तक (प्रत्येक 5 मिनट का असीमित विस्तार) | 2,54,71,637 | 25,47,163 | 5,00,000 |
| B | आईबीडी हॉलमार्क सिटी, कोलार रोड, भोपाल में ब्लॉक C के अलावा कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | 6,57,79,349 | 65,77,934 | 10,00,000 |
| C | आईबीडी हॉलमार्क सिटी, कोलार रोड, भोपाल में 25 (1862.79 वर्ग मीटर) आंशिक रूप से पूर्ण/लगभग पूर्ण फ्लैटों में कॉर्पोरेट देनदार के सभी अधिकार सहित। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | 2,53,69,329 | 25,36,932 | 5,00,000 |
| D | कॉर्पोरेट देनदार की सभी सुरक्षा और वित्तीय संपत्तियाँ। (अधिक जानकारी बिक्री दस्तावेज में देखें) | | 1,29,35,111 | 12,93,511 | 5,00,000 |

आरक्षित मूल्य में कर, जीएसटी, टीडीएस, शुल्क, प्रभार, शुल्क, स्थानांतरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, प्रीमियम आदि शामिल नहीं हैं वारंटी और क्षतिपूर्ति के बारे में कोई प्रतिनिधित्व नहीं किया जाएगा।

**ई-नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी का उपयोग करके https://ibbi.baanknet.com के माध्यम से पंजीकरण करना आवश्यक है। सहायता के लिए संपर्क करें: support.baanknet@psballiance.com / मोबाइल नंबर 91 8291220220
2. परिसमापक का संपर्क विवरणः श्री कुलदीप टाँक ईमेलः ibduniversal21@gmail.com संपर्क नंबर 9826677735
3. संपत्तियों का विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा और वचनबद्धता फॉर्म, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें युक्त संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/ पर उपलब्ध हैं।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, अन्य, यदि कोई हो, स्थानीय प्रशासन के बकाए आदि के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। और उपरोक्त परिसंपत्तियों की बिक्री पर यदि कोई हस्तांतरण शुल्क होगा तो उसे वहन करेंगे और अपने खर्च पर संपत्ति का निरीक्षण करेंगे और खुद को संतुष्ट करेंगे। ऊपर उल्लिखित परिसंपत्तियों का विवरण संभावित बोलीदाताओं द्वारा साइट पर परिसमापक और उसकी टीम से संपर्क करके निरीक्षण किया जा सकता है।
5. ब्लॉक A, ब्लॉक B, ब्लॉक C, और ब्लॉक D, की नीलामी सामूहिक रूप से एक ब्लॉक में सभी संपत्तियों के लिए होगी।
6. बिक्री नोटिस को ई-नीलामी प्रक्रिया सूचना दस्तावेज के साथ पढ़ा जाना चाहिए और साथ ही उसमें उल्लिखित नियमों और शर्तों से सहमत होना चाहिए जो https://ibbi.baanknet.com पर उपलब्ध है।
7. संभावित बोलीदाता केवल बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से बयाना राशि जमा (EMD) जमा करेगा।
8. संभावित बोलीदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक नीलामी मंच के माध्यम से दिवालियापन और दिवालियापन संहिता की धारा 29 ए के तहत पात्रता की घोषणा सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
9. **यदि उच्चतम बोलीदाता अयोग्य पाया जाता है, जिसमें उपरोक्त क्रमांक 8 के तहत उल्लिखित बोलीदाता भी शामिल है, तो ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।**
10. यदि परिसमापक परामर्श समिति के परामर्श से उच्चतम बोलीदाता को अयोग्य पाते हुए अस्वीकार कर देता है, तो परिसमापक परामर्श समिति के परामर्श से विनियमों के खंड (12ए) से खंड (12ई) के अंतर्गत प्रदान की गई प्रक्रिया का पालन करने के बाद अगले उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित कर सकता है।
11. सफल बोलीदाता को लागू स्टाम्प शुल्क/लीज हस्तांतरण शुल्क, फीस आदि और सभी स्थानीय कर, शुल्क, दरें, मूल्यांकन शुल्क, फीस, रखरखाव शुल्क आदि का भुगतान करना होगा। नीलामी में रखी गई संपत्ति के संबंध में।
12. ई-नीलामी "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा "बिना किसी सहायता के" https://ibbi.baanknet.com. पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
13. बिक्री ई-नीलामी के दस्तावेज में कोई भी परिवर्तन सेवाप्रदाता की वेबसाईट पर किया जायेगा।

**दिनांकः 13.04.2026**
**स्थानः इंदौर**

**कुलदीप टाँक**
**मैसर्स आईबीडी यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड के मामले में परिसमापक**
**(परिसमापन प्रक्रिया के तहत)**
**Registration No: IBBI/IPA-001/IP-P-02776/2022-2023/14255**
**AFA** 30.06.2026 तक वैध
**ई-मेल आईडीः** ibduniversal21@gmail.com
**पताः** 206, ब्लॉक-ए, द वन, आरएनटी मार्ग, इंदौर-452001